>

Title: Need to take steps to check the soil erosion caused by river Ganges in Buxar and its lower areas in Bihar.

**श्री जगदानंद सिंह (बक्सर):** सभापति जी, संयोगवश इसी विषय से जुड़ा हुआ मेरा भी प्रश्न है। जहां उत्तर प्रदेश की सीमा खत्म होती है और बिहार की सीमा शुरू होती है, बक्सर में गंगा का प्रवेश बिहार की सीमा पर होता है। आज बक्सर से लेकर नीचे सारे इलाके में भयानक कटाव हो रहा है। गांव कट रहे हैं और शहर भी कट रहे हैं। खेत जो मनुष्य के जीविकोपार्जन के साधन हैं, वे समाप्त हो रहे हैं और गांवों के लोग विस्थापित हो रहे हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि 1972 में गंगा फ्लड कंट्रोल कमीशन का निर्माण हुआ था।

**18.00 hrs.**

गंगा बेसिन की सारी नदियों के इंतजाम के लिए, कटाव रोकने के लिए...

**सभापति महोदय** : श्रीमान जी, एक मिनट रूक जाएं। छह बज गए हैं और जब तक ज़ीरो ऑवर समाप्त नहीं होता, तब तक हम समय बढ़ा रहे हैं। धन्यवाद। आगे शुरू कीजिए।

**श्री जगदानंद सिंह :** महोदय, भारत सरकार ने गंगा फ्लड कंट्रोल कमीशन की स्थापना सन् 1972 में की थी। गंगा बेसिन की समस्या को देखकर इस कमीशन की स्थापना हुई थी। गंगा फ्लड कंट्रोल ने रिवर फ्लड मैनेजमेन्ट के लिए, एन्टीइरोज़न को रोकने के लिए 22 नदियों का डिटेल प्रोजेक्ट भारत सरकार के सामने रखा है। महोदय, 11वीं पंचवर्षीय योजना में 5200 करोड़ रूपये इस कार्य के लिए रखे गए थे। सदन को याद होगा कि 11वीं पंचवर्षीय योजना बीतने जा रही है। मैं इसलिए कह रहा हूँ कि अभी बरसात शुरू है, बरसात के बाद एण्टीइरोज़न और फ्लड मैनेजमेन्ट के कोई काम नहीं होंगे। सारा समय समाप्त हो गया और केवल 2600 करोड़ रूपये इस कार्य में लगे हैं। इतने बड़े भू-भाग पर इतनी बड़ी त्रासदी, इतना भयंकर गंगा का आक्रमण, गांवों का विस्थापन, जीविकोपार्जन के साधन का खत्म होना, चाहे उमरपुर हो, मझरिया गांव हो, बक्सर हो या बक्सर का किला हो।

महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि

**सभापति महोदय :** संक्षिप्त करें, संक्षिप्त करें।

**श्री जगदानंद सिंह :** 11वीं पंचवर्षीय योजना की आधी राशि का व्यय नहीं होना और बिहार के जिम्मे जहां 1800 करोड़ रूपयों में से 900 करोड़ रूपये मिलने हैं, उमसें से बिहार की सरकार ने केवल 500 करोड़ रूपये ही खर्च किए हैं। शेष राशि बची पड़ी रह जाती है और समस्या बनी रहती है, ग्रामीणों का विस्थापन हो रहा है।

**सभापति महोदय :** आपकी जो डिमाण्ड है, वह बताइए।

**श्री जगदानंद सिंह :** सभापति महोदय, मैं यही कहना चाहता हूँ कि भारत सरकार इस पर ध्यान दे। गंगा फ्लड कंट्रोल को और एक्टिव करे। 12वीं योजना शुरू होने जा रही है, उसके लिए अधिक धनराशि रखें। इतने बड़े भू-भाग की समस्या और भंयकर त्रासदी को दूर करे।

**सभापति महोदय :** श्री महाबली सिंह जी।

**श्री जगदानंद सिंह :** महोदय, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूँ।

**सभापति महोदय :** यह डिबेट नहीं है, आपने अपनी बात कह दी है।

**श्री जगदानंद सिंह :** भारत सरकार का कथन है कि नेपाल, भूटान और चीन से बाढ़ के मैनेजमेन्ट के लिए वार्ता कर रही है। लेकिन मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि भारतवर्ष के भीतर जितने भी जलाशयों का निर्माण किया जा रहा है, उनमें फ्लड क्यूशन की व्यवस्था की जाए, डिस्चार्ज को कंट्रोल किया जाए।

**सभापति महोदय :** यह रिकार्ड नहीं होगा।

...(व्यवधान) *

महाबली सिंह जी, आप बोलिए।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी):** महोदय, मैं अपने आपको श्री जगदानंद सिंह जी के विषय के साथ संबद्ध करना चाहता हूँ।